# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**प्रेस नोट सं0-55** **दिनांक 13.10.2020**

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जनपद बुलन्दशहर से लूटी गयी स्विफ्ट डिजायर कार चेकिंग के दौरान बरामद, 02 अदद तमंचा मय कारतूस के साथ 02 शातिर लुटेरों को किया गया गिरफ्तार ।

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जनपद बुलन्दशहर से लूटी गयी स्विफ्ट डिजायर कार चेकिंग के दौरान बरामद, 02 अदद तमंचे मय कारतूस के साथ 02 शातिर लुटेरों की गिरफ्तारी करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>**

1-आकाश पाठक उर्फ अक्षत पुत्र संजय पाठक मूल निवासी मोहल्ला ब्रहमनान थाना बेवर जिला मैनपुरी

हालपता - हाउस नं0 A - 53 गली नं0 मंगल बाजार रोड किवाड़ी सुलेमान नगर थाना प्रेम नगर दिल्ली ।

2-प्रशान्त गुप्ता उर्फ छोटू पुत्र जयप्रकाश गुप्ता निवासी जी0टी0 रोड कस्बा व थाना बेवर जनपद मैनपुरी

**<u>बरामदगी-</u>**

1-जनपद बुलन्दशहर से लूटी गयी स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर-डीएल 1 जेड 0905

2- 01अदद मोबाइल

दिनांक 12.10.2020 को जरिये कन्ट्रोल रूम/उच्चाधिकारीगण से सूचना प्राप्त हुई, कि एक स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर- DL-12 C 0905 संदिग्ध हालत में लखनऊ से बाराबंकी की तरफ जा रही है । इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी/ अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आर0एस0 गौतम द्वारा तत्काल क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री सीमा यादव के नेतृत्व में पुलिस बल को बाराबंकी हाईवे पर कोतवाली नगर पुलिस टीम के साथ चेकिंग हेतु लगाया गया । इसके उपरांत बाराबंकी से अयोध्या मार्ग पर पड़ने वाले थाना कोतवाली नगर के साथ-साथ, सफदरगंज, जैदपुर, रामसनेहीघाट एवं बाराबंकी से बहराइच मार्ग पर थाना मसौली व रामनगर को तत्काल चेकिंग कराने एवं उक्त वाहन को रोकने एवं उसमें संदिग्धों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे ।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री सीमा यादव के नेतृत्व में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक श्री महेन्द्र प्रताप सिंह के साथ प्रभारी चौकी मोहम्मदपुर व प्रभारी चौकी बड़ेल द्वारा हाईवे पर बैरियर लगाकर मिली अभिसूचना के आधार पर चेकिंग की जा रही थी । इसी बीच लखनऊ की तरफ से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर- DL-12 C 0905 में बैठे अभियुक्तगण द्वारा मोहम्मदपुर चौकी पर लगे चेकिंग बैरियर को तोड़ते हुए चेकिंग पुलिस टीम पर जान से मारने की

नियत से फायर किया गया, जिस पर पुलिस टीम अपने आप को बचाते हुए जमीन पर गिर गये । इसके आगे प्रभारी चौकी बड़ेल द्वारा की जा रही चेकिंग पर पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए कार को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर कार सवार अभियुक्तगण कार को छोड़कर भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए दौड़ाकर अभियुक्तगण 1- आकाश पाठक उर्फ अक्षत पुत्र संजय पाठक मूल निवासी मोहल्ला ब्रहमनान थाना बेवर जिला मैनपुरी हालपता - हाउस नं0 A - 53 गली नं0 मंगल बाजार रोड किवाड़ी सुलेमान नगर थाना प्रेम नगर दिल्ली, 2- प्रशान्त गुप्ता उर्फ छोटू पुत्र जयप्रकाश गुप्ता निवासी जी0टी0 रोड कस्बा व थाना बेवर जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद तमंचा 12 बोर मय 02 अदद खोखा कारतूस 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित लूटी गयी स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर- DL-12 C 0905 बरामद किया गया । लूटी गयी कार का चालक राजू मौके से भागने सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है । उक्त सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0-855/2020 धारा 307/41/411/413 भादवि व मु0अ0सं0-856-857/2020 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया।

अभिसूचना एकत्रित करने करने से प्रकाश में आया कि आकाश पाठक उर्फ अक्षत पुत्र संजय पाठक मूल निवासी मोहल्ला ब्रहमनान थाना बेवर जिला मैनपुरी हालपता - हाउस नं0 A - 53 गली नं0 मंगल बाजार रोड किवाडी सुलेमान नगर थाना प्रेम नगर दिल्ली ने बताया कि मै मूल रूप से मोहल्ला ब्रहमनाना थाना बेवर जिला मैनपुरी का रहने वाला है। प्रशान्त गुप्ता उर्फ छोटू पुत्र जयप्रकाश गुप्ता उम्र निवासी जी0टी0 रोड कस्बा व थाना बेवर जनपद मैनपुरी ने बताया कि मूल रूप से मोहल्ला जी0टी0 रोड कस्बा व थाना बेवर जिला मैनपुरी का रहने वाला हूँ। मैने कक्षा 01 से लेकर 12 वीं तक की शिक्षा अमर शहीद इण्टर कालेज बेवर से की है । उसके बाद स्नातक की पढाई के लिये मैने मेजर एस0डी0 सिंह महाविद्यालय मोहम्मदाबाद जिला फरूखाबाद में एडमीशन कराया था तीन वर्ष तक मैने उसमें बीएस सी की पढाई की परन्तु बीएस सी कम्पलीट नही की उसके बाद चार दिन पहले बेवर से दिल्ली काम के सिलसिले में गया था जहां पर एस0पी0 कन्ट्रक्शन के यहां काम मिला काम मुझे पसन्द नही आया तब मै अपने दोस्त आकाश पाठक उर्फ अक्षत के पास दिल्ली मे ही गया तब मैने आकाश से अपनी परेशानी बतायी । कल शाम को आकाश ने मुझसे कहा कि एक काम है मेरे राजू मामा जो मोहल्ले में ही रहते हैं उनके साथ मिलकर काम करेंगे और जो पैसा आयेगा, आपस में बांट लेगें ।

दिनांक 11.10.2020 की रात्रि में आकाश अपने दोस्त प्रशान्त व राजू के साथ मिलकर योजना बनाई कि हम लोग एक ओला टैक्सी गाडी किराये पर बुक करायेंगे और कहीं दिल्ली से बाहर जाकर सूनसान जगह पर ड्राइवर को बांधकर कहीं जंगल में फेंक कर गाडी को ले जाकर बेंच देंगे जिससे जो पैसा आयेगा वह हम तीनों आपस में बांट लेंगे । मेरे पहले से परिचित वकील एस0 पी0 पाण्डेय के ड्राइवर विकास से बात हो गयी थी कि मै गाडी 50,000 /- रुपये में बिकवा दूँगा । योजना के अनुसार हम लोग गाडी बुक कराकर रात्रि करीब 12-1 बजे के बीच में दिल्ली से खुर्जा के लिये चले, रास्ते में सिकन्दराबाद हाईवे टोल क्रास करने के बाद सूनसान स्थान पर ड्राइवर को

तमंचे के बट से सिर पर मारकर घायल कर दिया तथा पास के झाडियों में ले जाकर उसके हांथ पैर बांध कर उसके मुंह पर टेप लगा दिया और हम लोग गाडी लेकर बेवर आये, बेवर से फैजाबाद जाते वक्त लखनऊ के बाहर नहर पुल क्रास करते ही रोड पर पुलिस चेकिंग लगा कर रोक रही थी । जैसे ही पुलिस हमारे पास पहुंची तो प्रशान्त गुप्ता व राजू जो कि गाडी में पीछे वाली सीट पर बैठा था, ने अपना असलहा निकाल कर पुलिस के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर किया । फायर करते ही दो पुलिस वाले गिर गये और बाल बाल बच गये उसके बाद हम लोग पुलिस का बैरियर तोड़ दिये आगे और पुलिस खडी थी, जिसने हम लोगो को घेर लिया। मै व प्रशान्त पकड़े गये । मेरा एक साथी राजू मामा जो मेरे ही मोहल्ले मंगल बाजार रोड किवाड़ी सुलेमान नगर थाना प्रेम नगर दिल्ली का रहने वाला है, भाग गया ।
उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 10000/-रूपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

**पुलिस टीम-**

01. अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
02. उ0नि0 श्री रूपेन्द्र मिश्रा प्रभारी चौकी मोहम्मदपुर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
03. उ0नि0 श्री शशिकान्त सिंह प्रभारी चौकी बड़ेल थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
04. हे0का0 शिव मूरत सिंह, का0 शिवरतन शाही, थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
05. का0 अफसर खां, का0 देवेन्द्र कुमार सिंह, का0 राम कृष्ण मिश्रा थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।